**ए-12024/1/2019-प्रशा. ।बी**

**भारत सरकार**

**नीति आयोग**

**---**

राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था भारत का शीर्ष नीति निर्माता (थिंक टैंक) है जो एक उत्प्रेरक के रूप में परिवर्तनकारी पहलों में शामिल रहा है और केंद्रीय मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों के साथ मिलकर कई क्षेत्रों में परिवर्तन को बढ़ावा दे रहा है। नीति आयोग के तीन प्रमुख कार्यक्षेत्र निम्नांकित हैं-

I. **नीति और ज्ञानः** नीति आयोग विभिन्न क्षेत्रों में नीतिगत अंतःक्षेप करता है और भारत सरकार के लिए कार्यनीतिक तथा दीर्घकालिक नीतियां और कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करता है। साथ ही, यह केंद्र और राज्यों को निदेश और नीतिगत इनपुट के साथ-साथ संगत तकनीकी सलाह भी देता है।

II. **नवप्रवर्तनः** नवप्रवर्तन और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक मंच उपलब्ध कराना ताकि खासकर जटिल प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तन-चालित क्षेत्र में विश्वस्तरीय नवप्रवर्तन केंद्रों, महाचुनौतियों, स्टार्ट-अप कारोबारों और अन्य स्व-रोज़गार कार्यकलापों को प्रोत्साहन मिल सके।

III. **अनुवीक्षण और मूल्यांकनः** साक्ष्य-आधारित नीति और कार्यक्रम डिजाइन को बढ़ावा देने के लिए अंतर्दृष्टि और फीडबैक उपलब्ध कराने हेतु जटिल इकनॉमीट्रिक मॉडलिंग तकनीकों और बड़े डेटा विश्लेषण की रुपरेखा निर्धारित करना, प्रयोग, समप्रयोग करना।

नीति आयोग को ऐसे युवा, प्रतिभाशाली, नवोन्मेषी और ऊर्जावान पेशेवरों की ज़रुरत है जो आज भारत में लिखी जा रही रोमांचक परिवर्तन गाथा से जुड़ी टीम का हिस्सा बनने के इच्छुक हों। इनमें से कुछ के ब्यौरे निम्नांकित हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | **यंग प्रोफेशनल** |
| 2 | स्थानों की संख्या | **60** |
| 3 | भर्ती का तरीका | खुले बाज़ार से संविदा आधारित |
| 4 | आयु सीमा | विज्ञापन की तारीख को अभ्यर्थियों की आयु 32 वर्ष से कम होनी चाहिए। |
| 5 | संविदा की अवधि | 2 वर्षों की अवधि के लिए। |
| 6 | पारिश्रमिक (प्रति माह) | 60,000/ - रु. (नियत) (कर सहित) |
| 7 | शैक्षिक अर्हता | <u>अनिवार्य</u><br>अनुलग्नक- I में सूचीबद्ध विषयों में मास्टर डिग्री या बीई/बी.टेक. या प्रबंधन में 2 साल का स्नातकोत्तर डिप्लोमा या एमबीबीएस या एलएलबी या सीए या आईसीडब्ल्यूए।<br><br><u>वांछनीय</u><br><br>अनुलग्नक -1 के अनुसार |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | अनुभव | कार्य विवरण के लिए प्रासंगिक कार्य अनुभव का न्यूनतम एक वर्ष। व्यापक कार्य अनुभव नीति आयोग को सौंपे गए कार्यात्मक क्षेत्रों पर आधारित होगा। प्रकाशित कार्य / नीति पत्रों / परियोजनाओं और स्कीमों के मूल्यांकन/अनुवीक्षण आदि द्वारा समर्थित प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव वाले व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी। |
| 9 | कार्य विवरण | यंग प्रोफेशनल्स (वाईपी) को कृषि / अर्थशास्त्र / वित्त / शिक्षा / स्वास्थ्य / पोषण / महिला और बच्चे / सामाजिक विज्ञान / इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी / शहरी आयोजना और विकास / अवसंरचना / पर्यावरण / ग्रामीण विकास / डेटा विश्लेषण / परियोजना प्रबंधन / स्टार्ट अप / नवप्रवर्तन आदि जैसे विषयों में उच्च गुणवत्ता वाले इनपुट प्रदान करने की आवश्यकता होगी। इसके लिए उम्मीदवारों की ओर से प्रमाणित शैक्षणिक प्रत्यय-पत्रों, पेशेवर उपलब्धियों और नेतृत्व गुणों के प्रदर्शन की आवश्यकता होगी। |

यंग प्रोफेशनल्स के नियोजन की निबंधन और शर्तें नीति आयोग के दिनांक 01.08.2018 के का.ज्ञा. सं. ए-12013/02/2015-प्रशा.I(बी) में उल्लिखित दिशानिर्देशों के अनुरुप होंगी। ये दिशानिर्देश नीति आयोग की वेबसाइट www.niti.gov.in पर उपलब्ध हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि यंग प्रोफेशनल्स के लिए स्थानों की संख्या भिन्न हो सकती हैं और यह अनंतिम है।

**नोटः आवश्यक होने पर आवेदकों के आवेदन अन्य मंत्रालयों/विभागों के साथ उनके उपयोग हेतु साझा किए जा सकते हैं।**

**आवेदनों की प्रस्तुतिः** पात्र आवेदक इस विज्ञापन के समाचारपत्र में प्रकाशन की तारीख़ से 30 दिन के भीतर नीति आयोग की वेबसाइट पर दिए लिंक से आवेदन कर सकते हैं। **आवेदन केवल ऑनलाइन किए जाएं।**

<u>अनुलग्नक-I</u>

| क्र.सं. | विषय | वांछनीय अर्हताएं |
|---|---|---|
| 1. | कृषि | मास्टर डिग्री / मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन |
| 2. | अटल नवप्रवर्तन मिशन | इंजीनियरिंग स्नातक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में मास्टर, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन या मैनेजमेंट में समकक्ष डिग्री, वाणिज्य/अर्थशास्त्र में मास्टर, सीए, सीएस या कम्युनिकेशन डेवलपमेंट / पत्रकारिता में मास्टर, कोडिंग और वेबसाइट डेवलपमेंट में गहन अनुभव के साथ कंप्यूटर एप्लीकेशन में मास्टर्स। |
| 3. | संचार और सोशल मीडिया | पत्रकारिता, जनसंचार, विज्ञापन और जनसंपर्क में मास्टर / स्नातकोत्तर डिप्लोमा। |
| 4. | विकास अनुवीक्षण और मूल्यांकन | 1. अर्थशास्त्र / सांख्यिकी / अन्य सामाजिक विज्ञान / सार्वजनिक नीति / प्रशासन / प्रबंधन विज्ञान में मास्टर। 2. सांख्यिकीय विश्लेषण की गहन समझ और सांख्यिकीय उपकरणों में प्रवीणता के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, महिला और बाल, जल और स्वच्छता इत्यादि में मूल्यांकन अध्ययन करने और / या अनुवीक्षण करने का अनुभव। |
| 5. | अर्थशास्त्र और वित्त | अर्थशास्त्र / सांख्यिकी / वाणिज्य / वित्त / सार्वजनिक नीति में मास्टर / एमबीए या समकक्ष। अच्छे आलेखन कौशल के साथ। |
| 6. | ऊर्जा | पेट्रोलियम / रसायन / ऊर्जा / मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ साइंस, आईटी / सॉफ्टवेयर के साथ ऊर्जा / मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ साइंस। |
| 7. | शासन और अनुसंधान | 1. अर्थशास्त्र / वाणिज्य / व्यवसाय प्रशासन के साथ स्नातकोत्तर। 2. अर्थशास्त्र / सार्वजनिक नीति / सांख्यिकी के साथ स्नातकोत्तर। |
| 8. | स्वास्थ्य और पोषण | एमबीबीएस या सार्वजनिक स्वास्थ्य / सार्वजनिक नीति / अर्थशास्त्र / पोषण में मास्टर। |
| 9. | मानव संसाधन विकास | अर्थशास्त्र / सांख्यिकी / लोक प्रशासन / सार्वजनिक नीति विकास / प्रबंधन / शिक्षा में मास्टर / प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (2 वर्ष की अवधि से कम नहीं)। |
| 10. | उद्योग | बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (टेक्सटाइल) / मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, किसी भी विषय में इंजीनियरिंग, मास्टर ऑफ आर्ट्स (अर्थशास्त्र)। |
| 11. | श्रम और रोजगार | अर्थशास्त्र / वाणिज्य / व्यवसाय प्रशासन में मास्टर। |
| 12. | परियोजना मूल्यांकन और पीपीपी | मास्टर ऑफ साइंस (कृषि), मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (फाइनेंस अकाउंटिंग), बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग या एमबीए या ट्रांसपोर्टेशन में स्नातकोत्तर। |
| 13. | ग्रामीण विकास | मास्टर डिग्री |

| | | |
|---|---|---|
| 14. | विज्ञान और प्रौद्योगिकी | 1. इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन / आईटी में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग / बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी / मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग / मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी।<br>2. केमिकल / मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग / बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी / मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग / मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी। |
| 15. | कौशल विकास | मास्टर डिग्री। |
| 16. | सामाजिक न्याय और अधिकारिता | सामाजिक कार्य / समाजशास्त्र / समाज कल्याण / सार्वजनिक नीति / अर्थशास्त्र / सामाजिक विकास में मास्टर। |
| 17. | सतत विकास लक्ष्य | अर्थशास्त्र / सांख्यिकी और अन्य सामाजिक विज्ञान / सार्वजनिक नीति / प्रशासन / प्रबंधन विज्ञान में मास्टर। |
| 18. | पर्यटन और संस्कृति | सामाजिक विज्ञान / अर्थशास्त्र / भूगोल में स्नातकोत्तर। |
| 19. | जल और भूमि संसाधन | सिविल इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर। |
| 20. | शहरी विकास | शहरी नियोजन में परास्नातक / पर्यावरण इंजीनियरिंग में परास्नातक। |